58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज के अधीन शीर्ष **PMGSY** योजनान्तर्गत नयकाडीह से फुलेलडीह(पैकेज संख्या–BR-12R-483)तक पथ निर्माण कार्य/पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य संवेदक Raja Bharat Construction Pvt. Ltd, (Regd. No-3071/2012 & 1170015/2017), Ashok Nagar Bhat Bigha, Rampur, Gaya को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 26.03.2015 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 25.03.2016 है। वास्तविक रूप से कार्य समाप्ति की तिथि 27.03.2018 है।

संवेदक द्वारा पथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने के उपरांत प्रश्नगत पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज का सकारण आदेश ज्ञापांक 581 दिनांक 17.06.2022 द्वारा पथ के एकरारनामा को विखंडित करते हुए संवेदक को कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा की गई।

उक्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक से किये गये कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक Raja Bharat Construction Pvt. Ltd द्वारा दिनांक 23.05.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त पथ में अनुरक्षण कार्य ससमय पूरा कर दिया गया गया है। उसके बाद इसी पथ को शीर्ष MR-3054 से निर्माण कार्य कराया गया है। संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज का पत्रांक 178 दिनांक 26.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि प्रश्नगत पथ के मापी पुस्त क अवलोकन से ज्ञात होता है कि अनुरक्षण कार्य से संबंधित किसी प्रकार का मापी अंकित नहीं है तथा नी ही कोई भी भुगतान OMMAS/E-marg के माध्यम से किया गया है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में कार्य प्रमंडल, इमामगंज के अधीन पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत नयकाडीह से फुलेलडीह पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किये जाने संबंधी आरोपों के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) में निहित प्रावधान के तहत संवेदक Raja Bharat Construction Pvt. Ltd, (Regd. No-3071/2012 & 1170015/2017), Ashok Nagar Bhat Bigha, Rampur, Gaya को 04(चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

ह0/- 02.03.2026

(जय किशोर ठाकुर)

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:–14/अ0प्र0–14–23/2025 2950 /पटना, दिनांक:– 9.3.26

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 02.03.2026

अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः—14 / अ0प्र0—14—23 / 2025 2950 / पटना, दिनांकः— 9.3.26

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग /जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02-03-2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—14 / अ0प्र0—14—23 / 2025 2950 / पटना, दिनांकः— 9.3.26

नेबधित/ ईमेल

प्रतिलिपिः—Raja Bharat Construction Pvt. Ltd, (Regd. No-3071/2012 & 1170015/2017), Ashok Nagar Bhat Bigha, Rampur, Gaya को सूचनार्थ प्रेषित।

02-03-2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—14 / अ0प्र0—14—23 / 2025 2952 / पटना, दिनांकः— 9.3.26

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02-03-2026

अभियंता प्रमुख